कार्यालयः जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारम्भिक शिक्षा, ऊधम सिंह नगर।

पत्रांकःप्रा0शि0–विज्ञप्ति / 3464-66 / स0अ0(प्राथमिक) / प्रत्यावेदन / 2024–25 दिनांक 26-07-2024

–:विज्ञप्ति / प्रत्यावेदनः–

इस कार्यालय के पत्रांक 2014–17 दिनांक 10 जून 2024 एवं यथासंशोधित पत्रांक 3023–26 दिनांक 12 जुलाई के द्वारा उत्तराखण्ड राजकीय प्रारम्भिक शिक्षा (अध्यापक) सेवा नियमावली–2012 यथासंशोधित में निहित प्राविधानों के अधीन एवं शासनादेश संख्या–214145 / XXIV-A-1 / 2024–49375 / 2023 दिनांक 29 मई 2024 के अनुपालन में सामान्य भर्ती के 266 एवं बैकलॉग के 43 पदों पर विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी थी, जिसमें अभ्यर्थियों के डी0एल0एड0 / डी0एड0 / बी0टी0सी0 / बी0एल0एड0 / ई0टी0ई0 / टी0ई0टी0 आदि कुल आवेदन पत्रों / अभिलेखों में दिये गये विवरणानुसार सूची / विवरण संकलित किया गया, जिसको **www.https:// schooleducation.uk.gov.in** वेबसाइट पर इस आशय से अपलोड की गई है, कि सम्बन्धित अभ्यर्थी संकलित सूची में अंकित विवरण का मिलान कर **आपत्ति / प्रत्यावेदन की स्थिति में मय स्पष्ट साक्ष्यों सहित** तत्काल अधोहस्ताक्षरी कार्यालय की ई–मेल **deousnagar309@rediffmail.com** पर दिनांक **31.07.2024** तक अनिवार्य रूप से निम्न प्रारूप पर उपलब्ध करायें। उक्त तिथि के उपरान्त किसी भी आपत्ति / प्रत्यावेदन पर विचार नही किया जायेगा। प्रत्यावेदन के समय सूची के कमांक / आवेदन संख्या की अंकना अवश्य करें।

प्रारूप

आवेदन संख्या वेबसाइट पर अपलोड की गई सूची के अनुसार	अभ्यर्थी का नाम	पिता / पति का नाम	जन्म तिथि	आपत्ति / प्रत्यावेदन का विवरण	संलग्न साक्ष्यों का विवरण

नोट–सूची में अंकित कोड– PH–दिव्यांग, FF–स्वतंत्रता संग्राम सैनानी आश्रित, HIN15–हिन्दी साहित्य, ENG15–अंग्रेजी साहित्य, OTART70–अन्य मानविकी वर्ग के अन्य विषयों से स्नातक, PM40–भौतिक विज्ञान व गणित से स्नातक, ZBC40–रसा0वि0,वन0वि0,जन्तु वि0 से स्नातक, OTSCI20–ऐसे स्नातक योग्यताधारी अभ्यर्थी जो उक्त विज्ञान विषयों से इतर अन्य विषयों से विज्ञान स्नातक।

भवदीय

(हरेन्द्र कुमार मिश्रा)
जिला शिक्षा अधिकारी,प्रा0शि0
ऊधम सिंह नगर।

कार्यालयः जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारम्भिक शिक्षा, ऊधम सिंह नगर।

पृ0सं0: प्रा0शि0–विज्ञप्ति / 3464-66 / स0अ0(प्राथमिक) / प्रत्यावेदन / 2024–25 दिनांक–उक्तवत्।

प्रतिलिपि–सम्पादक अमर उजाला, दैनिक जागरण तथा हिन्दुस्तान समाचार पत्रों को इस आशय के साथ कि वे उक्त विज्ञप्ति अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के राज्य संस्करण में शासकीय दरों पर प्रकाशित करने का कष्ट करें।

26/07/24

जिला शिक्षा अधिकारी,प्रा0शि0
ऊधम सिंह नगर।